## –: टीप एवं आख्याएं :–

जिलाधिकारी महोदय,

कृपया जल जीवन मिशन कार्यक्रम "हर घर नल" उपलब्ध कराने के क्रम में पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु सूचीबद्ध फर्म मेसर्स मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो एवं मेसर्स दारा इंजीनियरिंग द्वारा जनपद–बलरामपुर में पाइप पेयजल योजना के कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में दिनांक 20.06.2025 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की आयोजित बैठक की कार्यवृत्त का पत्रालेख पत्रावली में दायीं ओर रक्षित है।

कृपया सहमति की दशा में हस्ताक्षर करना चाहें।

अधिशासी अभियन्ता,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
बलरामपुर।

कार्यालय जिलाधिकारी, बलरामपुर
पत्रावली प्राप्ति का दिनांक 01.7.25
पत्रावली वापसी का दिनांक 01.7.25

CS CamScanner

**जल जीवन मिशन–''हर घर नल से जल योजना'' के अन्तर्गत दिनांक 20.06.2025 को जिलाधिकारी महोदय, बलरामपुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम–''हर घर नल से जल योजना'' के अन्तर्गत जनपद–बलरामपुर में नामित एजेन्सी– मे. लारसेन एण्ड टूब्रो चेन्नई एवं मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन(जे0वी0) द्वारा पाइप पेयजल योजना के कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय, बलरामपुर की अध्यक्षता में दिनांक 20.06.2025 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक जिलाधिकारी कार्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार, बलरामपुर में आयोजित की गई। जिसमें समिति के निम्नलिखित सदस्यों एवं नामित एजेन्सी के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. जिला पंचायती राज अधिकारी, बलरामपुर।
2. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), बलरामपुर।
3. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जनपद–बलरामपुर।
4. परियोजना प्रबन्धक मे0 लारसेन एण्ड टूब्रो, बलरामपुर।
5. उप परियोजना प्रबन्धक, मे0 दारा इंजीनियरिंग, बलरामपुर।
6. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, बलरामपुर।
7. टीम लीडर, मे0 सेन्सिस टेक लि.(टी.पी.आई.), देवीपाटन क्लस्टर, गोण्डा।
8. डिप्टी टीम लीडर, मे0 सेन्सिस टेक लि.(टी.पी.आई.), बलरामपुर।

सदस्य सचिव द्वारा जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति द्वारा जनपद–बलरामपुर हेतु नामित एजेन्सी– मे. लारसेन एण्ड टूब्रो, माउन्ट पूनमल्ली रोड, मनपक्कम, चेन्नई एवं मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0लि0, (J/V) मेसर्स इको प्रोटेक्शन द्वारा पाइप पेयजल योजनाओं पर किये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में पी0पी0टी0 के माध्यम से अवगत कराया गया।

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी संस्था मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो लि0 को आवंटित 199 नग पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 145 नग योजनाओं पर ओ0एच0टी0 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 54 नग योजनाओं पर ओ0एच0टी0 का कार्य प्रगति पर है। कार्यदायी संस्था द्वारा 199 नग ट्यूबवेल का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण है। 199 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 185 नग पम्प हाउस निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 14 नग पम्प हाउस निर्माण का कार्य प्रगति पर है। कार्यदायी संस्था को आवंटित 199 नग योजनाओं के सापेक्ष 185 नग सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर 105 नग सोलर पैनल संचालित है। शेष 18 नग सोलर पैनल अधिष्ठान का कार्य प्रगति पर है। पाइप लाइन की कुल लम्बाई 2103 कि0मी0 के सापेक्ष 2095 कि0मी0 बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष 8 कि0मी0 पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। 88824 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 8290 नग पेयजल कनेक्शन लाभार्थियों को प्रदान किया गया है। कार्यदायी संस्था द्वारा 295 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 173 नग राजस्व ग्रामों में शत प्रतिशत ''हर घर जल'' प्रमाणीकरण रिपोर्टिंग कर 144 नग राजस्व ग्राम को ''हर घर जल'' प्रमाणित किया गया है। फर्म 236 नग राजस्व ग्रामों में शत प्रतिशत मार्गों के पुनर्स्थापना/मरम्मत का कार्य किया गया है। 105 नग पाइप पेयजल योजनाओं में ओ0एच0टी0 के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा कल्वर्ट कासिंग पाइप लाइन पर कंक्रीटिंग का कार्य नहीं किया गया है जिससे पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने की संभावना बनी हुई है। फर्म द्वारा कराए गए रोड रेस्टोरेशन के उपरान्त वर्षा के कारण कहीं–कहीं मार्गों का सेटलमेंट हुआ है जिस कारण पुनः उन मार्गों के मरम्मत/पुनर्स्थापना कराये जाने की आवश्यकता है।

<u>निर्देश</u>:

**जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म मे0 लारसेन एण्ड टूब्रो के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि जब तक आवंटित सभी 199 योजनाओं पर ओ0एच0टी0 का कार्य पूर्ण नहीं हो जाता तब तक ट्यूबवेल को माध्यम से ग्रामीणों को जलापूर्ति कराया जाए। फर्म द्वारा कराये गये कल्वर्ट कासिंग का कार्य मानक एवं गुणवत्तापूर्वक कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही आवंटित सभी पाइप पेयजल योजनाओं में 02 माह के अन्दर सोलर पैनल का अधिष्ठापन कर शत प्रतिशत संचालित कर जलापूर्ति कराया जाना सुनिश्चित करें। जब तक सोलर पैनल का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण नहीं हो जाता है तब तक डीजी के माध्यम से सुबह–शाम ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराया जाए। साथ ही पाइप लाइन बिछाने के दौरान तोड़ी/काटी गयी सभी प्रकार की सड़कों के मरम्मत/पुनर्स्थापना का कार्य वर्षाकाल प्रारम्भ होने से पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही जिन योजनाओं का कार्य पूर्ण है उनमें नियमित रूप में निर्धारित रोस्टर के अनुसार शुद्ध पेयजल की आपूर्ति कराते हुए शत प्रतिशत गृह जल संयोजन का कार्य**

CamScanner

पूर्ण करते हुए उन्हें कियाशील किया जाए। जिन मार्गों का सेटेलमेन्ट वर्षा के दौरान हुआ है उन मार्गों को पुनः गुणवत्तापूर्वक ठीक कराया जाना सुनिश्चित करें।

कार्यवाही– अधि0 अभि0, जल निगम(ग्रामीण)/मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो।

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी संस्था मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन(जे0वी0) द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति पिछली बैठक के सापेक्ष वर्तमान तक कोई सुधार नहीं किया गया है। निर्माण कार्यों के प्रगति की खण्ड कार्यालय स्तर पर गठित टीम द्वारा जांच करायी गयी, जिसमें पाया गया कि आवंटित 430 नग पाइप पेयजल योजनाओं में 319 नग योजनाओं पर कार्य बन्द पाया गया। मात्र 54 नग योजनाओं पर ओ0एच0टी0 का कार्य प्रगति पर है। 57 नग योजनाओं पर ओ0एच0टी0 से जलापूर्ति की जा रही है! कार्यदायी संस्था को ओ0एच0टी0 के कार्य हेतु कुल 900 मैनपावर की आवश्यकता है, जिसके सापेक्ष मात्र 330 मैनपावर ही उपलब्ध है। फर्म द्वारा रोड रेस्टोरेशन हेतु कुल मैनपावर लगभग 240 की आवश्यकता है जिसके सापेक्ष मात्र 60 मैनपावर ही उपलब्ध है। 430 नग ट्यूबवेल के सापेक्ष 375 नग ट्यूबवेल का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। शेष 55 नग ट्यूबवेल का कार्य प्रगति पर है। 430 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 350 नग पम्प हाउस निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 80 नग पम्प हाउस निर्माण का कार्य प्रगति पर है। कार्यदायी संस्था को आवंटित 430 नग योजनाओं के सापेक्ष 316 नग सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर 114 नग सोलर पैनल संचालित है। शेष 114 नग सोलर पैनल अधिष्ठान का कार्य प्रगति पर है। पाइप लाइन की कुल लम्बाई 4558 कि0मी0 के सापेक्ष 4518 कि0मी0 बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष 40 कि0मी0 पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। 180596 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 168427 नग पेयजल कनेक्शन लाभार्थियों को प्रदान किया गया है। कार्यदायी संस्था द्वारा 595 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 118 नग राजस्व ग्रामों में शत प्रतिशत "हर घर जल" प्रमाणीकरण रिपोर्टिंग कर 76 नग राजस्व ग्राम को "हर घर जल" प्रमाणित किया गया है। फर्म 310 नग राजस्व ग्रामों में शत प्रतिशत मार्गों के पुनर्स्थापना/मरम्मत का कार्य किया गया है।

सदस्य सचिव द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि कार्यदायी संस्था मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन(जे0वी0) को बार–बार पाइप पेयजल योजनाओं के कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया जा रहा है, परन्तु फर्म द्वारा अभी तक किसी प्रकार का कोई अपेक्षित सुधार नही लाया रहा है। फर्म द्वारा कराए गए रोड रेस्टोरेशन के उपरान्त वर्षा के कारण कहीं–कहीं मार्गों का सेटलमेंट हुआ है जिस कारण पुनः उन मार्गों के मरम्मत/पुनर्स्थापना कराये जाने की आवश्यकता है। फर्म द्वारा कल्वर्ट कारिंग पाइप लाइन पर कंकीटिंग का कार्य नहीं किया गया है जिससे पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने की संभावना बनी हुई है।

निर्देशः

जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म मे0 मेसर्स दारा ईको प्रोटेक्शन (जे0वी0) के कार्यों की धीमी प्रगति के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि तत्काल योजना के सभी घटकों पर आवश्यक मैनपावर की वृद्धि करते हुए योजना के कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाया जाना सुनिश्चित करें। कार्यदायी संस्था द्वारा जिन 82 नग पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति की जा रही हैं उनमें जिन 114 नग योजनाओं में ओ0एच0टी0 कार्य पूर्ण है उन्हें शामिल करते हुए 01 माह के अन्दर जलापूर्ति प्रारम्भ कराया जाए। 146 नग टॉप डोम तक पूर्ण ओ0एच0टी0 का निर्माण कार्य अगस्त, 2025 तक अपेक्षित मैनपावर में वृद्धि करते हुए हर हाल में पूर्ण कर योजना को संचालित कराया जाना सुनिश्चित करें। फर्म को निर्देशित किया गया कि वर्षाकाल प्रारम्भ होने से पूर्व अवशेष ट्यूबवेल का कार्य पूर्ण करा लिया जाए। जब तक सोलर पैनल का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण नहीं हो जाता है तब तक डीजी के माध्यम से सुबह–शाम ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराया जाए। निर्देशित किया गया कि शत प्रतिशत गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण करते हुए उन्हें कियाशील किया जाए। साथ ही जिन योजनाओं का कार्य पूर्ण है उनमें नियमित रूप में निर्धारित रोस्टर के अनुसार शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करायी जाए। जिन मार्गों का सेटेलमेन्ट वर्षा के दौरान हुआ है उन मार्गों को तत्काल टीम लगाते हुए पुनः गुणवत्तापूर्वक ठीक कराया जाना सुनिश्चित करें, जिससे आमजनमानस को आवागमन में कठिनाई का सामना न करना पड़े।

कार्यवाही– अधि0 अभि0, जल निगम(ग्रामीण)/ मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन जे0वी0।

CS CamScanner

निर्देशः
अधोहस्ताक्षरी द्वारा मे0 सेन्सिस टेक लि., (टी.पी.आई.) के डिप्टी टीम लीडर को निर्देशित किया गया कि फर्मों द्वारा जिन पेयजल योजनाओं पर जलापूर्ति एवं शत प्रतिशत रोड रेस्टोरेशन किये जाने के सम्बन्ध में रिपोर्ट दी गयी है वहां टीम के माध्यम से स्थलीय सत्यापन कराकर आगामी बैठक में रिपोर्ट उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

**कार्यवाही– जनपदीय टीम लीडर, मे0 सेन्सिस टेक लि., (टी.पी.आई.)**

बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

(संदीप सिंह)
अधिशासी अभियन्ता / सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

Amit

अधिशासी अभियन्ता भूगर्भ जल
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

जिला कृषि अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

प्रभागीय वन अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

जिला पंचायती राज अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

जिलाधिकारी,
(अध्यक्ष)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
बलरामपुर।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) बलरामपुर।

पत्रांक : 1160 / 270-1 / 316 दिनांक– 04/07/2025

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, देवीपाटन मण्डल, उ.प्र. जल निगम, गोण्डा।
4. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बलरामपुर।
5. समस्त उप जिलाधिकारी, बलरामपुर।
6. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो, बलरामपुर।
7. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग जे0वी0 इको प्रोटेक्शन, बलरामपुर।
8. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, बलरामपुर।

अधिशासी अभियन्ता

CamScanner